### एक नजर में



## वीएचएससी की अनाबंध राशि पर विवाद

**बुधनी.** ब्लॉक की आशा कार्यकर्ताओं ने ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति (वीएचएससी) की अनाबंध राशि को लेकर नाराज़गी जताते हुए मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. डी बड़ोदिया को ज्ञापन सौंपते हुए कार्यकर्ताओं ने बताया कि समिति की अनाबंध राशि के अंतर्गत 10 हजार रुपये के बिल, वाउचर एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र लगभग तीन माह पूर्व ही जमा कराए जा चुके हैं, इसके बावजूद अब तक भुगतान नहीं किया गया है. आशा कार्यकर्ता सोना दुबे सहित अन्य कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह अनाबंध राशि समिति के आवश्यक कार्यों के लिए निर्धारित होती है, इसलिए इसे सामग्री के रूप में देने के बजाय नकद रूप में ही प्रदान किया जाना चाहिए. इस दौरान कल्पना चौहान, अंजली केवट, पूजा कीर, उमा मेहरा, वंदना दुबे, ज्योति राजपूत, रानू शर्मा व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहीं.



## वर्ल्ड हेल्थ वर्कर वीक पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं सम्मानित

**सीहोर.** महिला एवं बाल विकास विभाग और नयी दिशा संस्थान द्वारा सारथी प्रोजेक्ट संचालित किया जा रहा है. प्रोजेक्ट के तहत वर्ल्ड हेल्थ वर्कर वीक के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, समर्पण एवं निष्ठा का सम्मान करना था. इस अवसर श्रीमती प्रियंका राय दिवान, श्रीमती सारिका राठौर, सारथी टीम एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं उपस्थित थीं.



## जाटव समाज कल्याण संगठन मनाएगा अंबेडकर जयंती

**सीहोर.** जाटव समाज कल्याण संगठन द्वारा एक बैठक आयोजित की गई. जिसमें मनोज फरेला अध्यक्ष, उपाध्यक्ष कपिल पुरविया एवं वरिष्ठ समाजसेवी सन्नी जाटव, सक्रीय सदस्य कमल किशोर जाटव, सक्रीय सदस्य राहुल कचनेरिया, वरेन्द्र जौहरे, भोला कचनेरिया, युवा नेता शुभम कचनेरिया, हेमन्त भारती, नीरज, चरण सिंह खंगराले, टीटु कचनेरिया, मुन्ना, विवेक सुनेरिया, जुगल सुनेरिया, प्रदीप कचनेरिया, हितेन्द्र कचनेरिया आदि कार्यकर्ताओं द्वारा निर्णय लिया गया कि बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी का जयंती समारोह14 अप्रैल को अम्बेडकर पार्क में मनाया जाएगा.



## सोमनाथ मंदिर भारतीय स्वाभिमान की आस्था का प्रतीक

**इछावर.** शासकीय महाविद्यालय में विगत दिवस पवित्र सोमनाथ मंदिर स्वाभिमान पर्व के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया गया. प्राचार्य डॉ. सुनीता यादव ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि 12 ज्योतिर्लिंगों मे गुजरात के सोमनाथ मंदिर भारतीय स्वाभिमान की एक हजार साल पूर्ण होकर पुनर्निर्माण के साथ आस्था का प्रतीक है. वक्ताओं में डा.कलावती, प्रोफेसर मुकेश शर्मा और विनीत शर्मा ने जानकारी साझा की. कार्यक्रम में डा.अरविंद बैस, डा.नीता माहौर, प्रोफेसर सीताराम, राजेश अहिरवार आदि उपस्थित रहे.



## रोमांचक मुकाबले में सीहोर रेड ने सीहोर बाइज को हराया

**सीहोर.** शहर के चर्च मैदान पर गुरुवार की शाम को दो मुकाबले खेले गए. पहले मुकाबले में सीहोर रेड ने सीहोर बाइज को रोमांचक मैच में 1-0 से हराया. दूसरा मुकाबला सीहोर चिल्ड्रन-सीहोर ग्रीन के मध्य खेला गया. इसमें सीहोर चिल्ड्रन की टीम 2-0 से विजय रही. मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि पहला मैच सीहोर रेड और सीहोर बाइज के मध्य खेला गया. पहले तीन मिनिट में सीहोर रेड की ओर से स्ट्राइकर अलतमस ने एक गोल कर अपनी टीम को 1-0 से जीत दिलाई. दूसरा मैच सीहोर चिल्ड्रन-सीहोर ग्रीन के मध्य खेला गया था. जिसमें सीहोर चिल्ड्रन के रिहांस ने दो गोल किए. इस प्रकार सीहोर चिल्ड्रन ने ग्रीन को 2-0 से हराया.

## एक्सीलेंस कॉलेज में 16 को रोजगार मेला

**सीहोर.** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 16 अप्रैल को प्रातः 11 बजे पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा. मेले में कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार प्रदान किया जाएगा. जिला व्यापार उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित कर नये प्रकरण तैयार किए जाएंगे.

# कलेक्ट्रेट घेराव में भड़की कांग्रेस, धरने पर बैठे सिंघार

### कांग्रेस ने किसानों की समस्याओं को लेकर किया कलेक्ट्रेट का घेराव, कुत्ते को पहनाई तख्ती और उसी को थमाया ज्ञापन


- कलेक्ट्रेट के गेट पर बैठकर दिया कांग्रेसियों ने धरना
- ढाई घंटे इंतजार के बाद भी नहीं आए कलेक्टर तो भड़के

नवभारत न्यूज

**सीहोर 9 अप्रैल. किसान मुद्दों को लेकर गुरुवार को जिला मुख्यालय पर कांग्रेस का प्रदर्शन उग्र तेवरों के साथ फूट पड़ा. कलेक्ट्रेट घेराव के दौरान मध्य प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में ही धरना दे दिया. करीब ढाई घंटे तक कलेक्टर का इंतजार करने के बाद भी जब वे सामने नहीं आए, तो प्रदर्शनकारियों का गुस्सा चरम पर पहुंच गया और विरोध ने नाटकीय व तीखा रूप ले लिया.**

आक्रोशित सिंघार ने विरोध का अनोखा लेकिन विवादित तरीका अपनाते हुए एक कुत्ते के गले में 'कलेक्टर' लिखी तख्ती डाल दी और उसी को ज्ञापन सौंप दिया. इस घटनाक्रम से कलेक्ट्रेट परिसर में हड़कंप मच गया और सियासी माहौल गरमा गया. मौके पर मौजूद अधिकारियों पर भी सिंघार भड़कते नजर आए. उन्होंने तीखे शब्दों में कहा कि जब किसानों की समस्याएं सुनने का वक्त अफसरों के पास नहीं है, तो ऐसे पदों की उपयोगिता पर ही सवाल खड़े होते हैं.





**सीहोर.** गुरुवार को जिला कांग्रेस द्वारा किसानों की मांगों को लेकर किए गए कलेक्ट्रेट के घेराव प्रदर्शन को नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने संबोधित किया. कलेक्टर के न आने से नाराज कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट के सामने धरना दिया.

इससे पूर्व जिला कांग्रेस कार्यालय पर सभा का आयोजन करते हुए कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश सरकार को निशाने पर लिया. कार्यक्रम को नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार व अन्य कांग्रेस नेताओं ने संबोधित किया. इसके बाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे. प्रदर्शन के दौरान जमकर नारेबाजी हुई और प्रशासन पर किसानों की अनदेखी के आरोप लगाए गए. कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जिले में किसान लगातार संकट झेल रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी उनसे दूरी बनाए हुए हैं.

> **कांग्रेस ने किसान हित में रखी कई मांगें**
>
> कांग्रेस ने सरकार के सामने कई मांगें रखीं. इनमें तत्काल गेहूं खरीदी शुरू करना, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदी सुनिश्चित करना, किसानों को समय पर भुगतान देना और मंडियों में बिके गेहूं पर भावांतर योजना का लाभ देना शामिल है. साथ ही खरीदी केंद्रों पर पर्याप्त व्यवस्था करने और बिजली बिल में राहत देने की मांग भी उठाई गई. सहकारी ऋण वसूली का मुद्दा भी प्रदर्शन में प्रमुखता से उठा. कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि सरकार के कुप्रबंधन के कारण करीब 50 प्रतिशत किसान डिफॉल्टर हो चुके हैं. 31 मार्च की निर्धारित अंतिम तारीख के बावजूद किसानों को कोई राहत नहीं मिली, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और खराब हो गई है. कांग्रेस ने मांग की कि वसूली की अंतिम तिथि बढ़ाई जाए और किसानों को राहत दी जाए.

राजीव गुजराती ने कहा कि गेहूं खरीदी में हो रही देरी ने किसानों की स्थिति और बिगाड़ दी है. मंडियों में फसल लेकर पहुंचे किसान परेशान हैं, लेकिन खरीदी की रफ्तार बेहद धीमी है. दूसरी ओर बिजली विभाग और बैंक वसूली के लिए दबाव बना रहे हैं. एक तरफ फसल नहीं बिक रही, दूसरी तरफ बिल और कर्ज चुकाने का दबाव बढ़ता जा रहा है यह किसानों के साथ अन्याय है. कलेक्टर के इंतजार में धरने पर बैठे कांग्रेसियों के सब्र का बांध आखिरकार ढह गया और उन्होंने अपना विरोध जताने के लिए ऐसे घटनाक्रम को अंजाम दिया जिससे आगामी दिनों में सियासी माहौल गर्माया रह सकता है.

पूरे घटनाक्रम ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. कलेक्टर की अनुपस्थिति ने न केवल आक्रोश को भड़काया, बल्कि विरोध को और ज्यादा तीखा बना दिया. कांग्रेस ने साफ चेतावनी दी है कि यदि किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा. इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष सिंघार के अलावा प्रदेश के पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, पूर्व जिलाध्यक्ष कैलाश परमार, किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौहान, पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल, बृजेश पटेल, विवेक राठौर, आशीष गेहलोत, महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर, राजाराम बड़े भाई, राजेन्द्र वर्मा, सुनील दुबे, तनिष त्यागी, ईश्वरसिंह चौहान आदि कार्यकर्ता मौजूद थे.

# गेहूं खरीदकर भुगतान न करने का आरोपी गिरफ्तार

- किसानों से 27 लाख का गेहूं खरीदा था आरोपियों ने
- दो अन्य फरार आरोपियों की पुलिस कर रही तलाश

नवभारत न्यूज

**सीहोर 9 अप्रैल.** मण्डी पुलिस ने 27 लाख रुपए की धोखाधड़ी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी और उसके दो सहआरोपी किसानों से गेहूं खरीदने के बाद भुगतान किए बिना फरार हो गए थे.



जानकारी के अनुसार 28 फरवरी को गंज निवासी अंकित राठौर ने थाना मण्डी में शिकायत दर्ज कराई थी कि पंकज सिंघाड़े, विवेक खण्डेलवाल एवं अमित खण्डेलवाल द्वारा संचालित गजानन ट्रेडिंग कंपनी ने उनसे एवं अन्य आठ किसानों से करीब 900 क्विंटल गेहूं खरीदा था. गेहूं की कुल कीमत लगभग 27 लाख रुपए थी, लेकिन आरोपियों ने भुगतान नहीं किया और अपनी फर्म बंद कर फरार हो गए.

मामले में थाना मण्डी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420 और 120बी के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की. प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत एवं नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिनंदना शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील मेहर के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया. टीम ने मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक आरोपी विवेक खण्डेलवाल को गिरफ्तार कर लिया. जबकि शेष की तलाश जारी है. आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है. कार्रवाई में टीआई सुनील मेहर, उपनिरीक्षक राकेश पंथी, प्रधान आरक्षक अतुल सिंह, संदीप शुक्ला तथा साइबर सेल के शैलेन्द्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

## सरिया चोरी गिरोह का एक सदस्य चढ़ा हत्थे

नवभारत न्यूज

**सीहोर 9 अप्रैल.** कोतवाली पुलिस ने लोहा सरिया चोरी के मामले में अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर 7 टन सरिया बरामद किया है. अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

जानकारी के अनुसार, तमिलनाडु निवासी चौपाल नायडू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि झगरिया रोड स्थित उनके मिक्सर प्लांट पर खड़े सरिया से भरे ट्रॉले को ड्राइवर दाउद खान उर्फ आबिद खान रात में ले गया था। सुबह ट्रॉला वापस लाने पर तौल में सरिया कम पाया गया. पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई. विवेचना के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने लसूड़िया क्षेत्र स्थित पल्स कॉलोनी के पुराने खंडहर में दबिश दी, जहां से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया. गिरफ्तार आरोपी दाउद खान उर्फ आबिद खान (निवासी भरतपुर, राजस्थान, वर्तमान में मंडीदीप) के कब्जे एवं निशानदेही पर पुलिस ने 7 टन 20 किलो लोहा सरिया करीब 3 लाख 92 हजार रुपए का बरामद किया है. आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है. पुलिस अब उससे पूछताछ कर अन्य सदस्यों की जानकारी जुटा रही है. कार्रवाई में एएसआई पतिराम पाटिल, प्रधान आरक्षक मोतीलाल स्वामी, आरक्षक चेतन, शुभम, अमन दुबे एवं सैनिक मुकेश सोनी की भूमिका रही.

## कार्यक्रम स्थल का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**आष्टा 9 अप्रैल.** मुख्यमंत्री के 12 अप्रैल को आष्टा में प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर बालागुरू के. तथा एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया. इस दौरान विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर भी उपस्थित रहे.

निरीक्षण के पश्चात कलेक्टर बालागुरू के. ने बैठक आयोजित कर कहा कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां समय से पहले ही पूर्ण कर ली जाएं. उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर आगमन, निर्गमन, पेयजल, बैरिकेडिंग, पार्किंग, फायर ब्रिगेड, यातायात, बैठक व्यवस्था एवं साफ सफाई सहित आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. एसपी श्री शुक्ला ने पुलिस अधिकारियों को कार्यक्रमों में सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए. उल्लेखनीय है कि 12 अप्रैल को आष्टा में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का कार्यक्रम प्रस्तावित है. इस दौरान एसडीएम नितिन टाले, तहसीलदार रामलाल पगारे, जनपद सीईओ अमित व्यास आदि उपस्थित थे.



# कोतवाली चौराहे पर पुलिस बैंड ने छेड़ी सुरीली तान

- बैंड की सुरीली और जोशीली धुनों ने किया मंत्रमुग्ध
- पुलिस में भर्ती के लिए युवाओं को किया जागरूक

नवभारत न्यूज

**सीहोर 9 अप्रैल.** मध्यप्रदेश पुलिस बैंड भर्ती-2026 के तहत युवाओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से गुरुवार को श्कोतवाली चौराहे पर एक आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में युवाओं और स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही.

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 7वीं वाहिनी भोपाल के पुलिस बैंड दल की प्रस्तुति रही. बैंड की जोशीली धुनों और जवानों के अनुशासित प्रदर्शन ने वहां मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया. संगीत के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि पुलिस विभाग में कला और करियर का बेहतरीन संगम संभव है. इस दौरान अधिकारियों ने युवाओं को पुलिस बैंड में भर्ती से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी. उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यता, शारीरिक मापदंड और चयन प्रक्रिया क्या रहेगी. साथ ही आवेदन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए युवाओं को इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया. अधिकारियों ने यह भी बताया कि पुलिस बैंड का हिस्सा बनना केवल रोजगार का अवसर नहीं, बल्कि देश सेवा का गर्वपूर्ण माध्यम भी है. युवाओं ने रुचि दिखाई और भर्ती प्रक्रिया को लेकर जानकारी प्राप्त की. इस अवसर पर एएसपीसुनीता रावत, नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिनंदना शर्मा, रक्षित निरीक्षक उपेंद्र यादव, सूबेदार प्राची राजपूत सहित 7वीं वाहिनी भोपाल का पुलिस बैंड दल उपस्थित रहा.




## दिव्यांगजनों को मिलेंगे सहायक उपकरण

**सीहोर.** सामाजिक न्याय विभाग द्वारा जिले के सभी नगरीय निकायों में एडिप योजना के अंतर्गत दिनांकवार ऑन द स्पॉट चिन्हांकन एवं सहायक उपकरण वितरण शिविरों का आयोजन किया जाएगा. शिविरों में ऑन द स्पॉट चिन्हांकन कर पात्र दिव्यांगजनों को कैलिपर्स एवं कृत्रिम हाथ-पैर सामग्री निःशुल्क वितरित की जाएगी. निशुल्क सामग्री वितरण के लिए फैब्रिकेटिंग एजेंसी को अधिकृत किया गया है. सीहोर जनपद पंचायत कार्यालय में 15 अप्रैल, इछावर जनपद पंचायत कार्यालय में 16 अप्रैल, आष्टा जनपद पंचायत कार्यालय में 17 अप्रैल, भैरूंदा जनपद पंचायत कार्यालय में 21 और बुधनी जनपद पंचायत कार्यालय में 22 अप्रैल को शिविर आयोजित किए जाएंगे.

**उपार्जन खरीदी** | 240 उपार्जन केंद्रों के लिए 10 हजार 300 किसानों ने बुक किया स्लॉट

# पहले दिन दो केंद्रों पर हुई 15 किसानों से 570 क्विंटल गेहूं खरीदी

नवभारत न्यूज

**सीहोर 9 अप्रैल.** जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य प्रारंभ हो गया है. पहले दिन दोनों केंद्रों पर 15 किसानों से 570 क्विंटल गेहूं खरीदा गया.

जिले के 240 उपार्जन केंद्रों पर गेहूं खरीदी के लिए अब तक 10,300 किसानों द्वारा स्लॉट बुक किए जा चुके हैं. आज दो केंद्रों पर खरीदी प्रारंभ हुई है, जबकि शेष 238 उपार्जन केंद्रों पर भी 10 अप्रैल से खरीदी शुरू हो जाएगी.

**एसडीएम ने बैठक में दिए स्पष्ट निर्देश**

**आष्टा.** रबी विपणन वर्ष के तहत गेहूं उपार्जन को सुचारू एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से एसडीएम नितिन कुमार टाले द्वारा सहकारी समिति की बैठक आयोजित की गई. इस बैठक में तहसीलदार राम पगारे एवं खाद्य आपूर्ति अधिकारी मृगी अग्रवाल मौजूद थे. बैठक में किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए व्यापक दिशा-निर्देश दिए गए.



बैठक में उपार्जन केंद्रों पर पेयजल, टेंट एवं साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही तोल कांटे एवं ग्रेडिंग मशीन की सुचारू कार्यप्रणाली पर भी विशेष ध्यान देने को कहा गया. आकस्मिक वर्षा की स्थिति में ट्रालियों में भरा गेहूं गीला न हो, इसके लिए आवश्यक इंतजाम किए जाएं तथा गेहूं की तुलाई गोदाम के अंदर ही कराई जाए. इसके अलावा बारदान की किसी भी प्रकार की कमी न हो, इसके लिए अग्रिम भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए.

बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि गेहूं की गुणवत्ता एफएक्यू के अनुसार ही तुलाई की जाए, ताकि किसानों को उचित मूल्य प्राप्त हो सके. प्रशासन द्वारा दिए गए इन दिशा-निर्देशों से उपार्जन प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी और किसानों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, जिससे वे बिना किसी परेशानी के अपनी उपज का विक्रय कर सकेंगे.

> **बुधनी में 850 किसानों का पंजीयन, आज से होगी खरीदी**
>
> बुधनी सेवा सहकारी समिति के अंतर्गत इस वर्ष लगभग 850 किसानों ने गेहूं विक्रय के लिए पंजीयन कराया है. किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए समिति द्वारा जोशीपुर, पीलीकरार, पांडाडोह और माथनी में चार खरीदी केंद्र स्थापित किए गए हैं. खरीदी प्रभारी संजय सिंह राजपूत ने बताया कि सभी केंद्रों पर पेयजल, छाया और शौचालय जैसी सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशासन द्वारा भी केंद्रों पर पानी और छाया जैसी व्यवस्थाएं बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं.